रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबन्धक, कार्यालय के विपरीत, सूबेदारगंज रेलवे हास्पिटल
के पास सूबेदारगंज, प्रयागराज -211011 website : rrbald.gov.in

दलालों के झांसे में न आयें
परिश्रम से रेलवे में नौकरी पायें

सावधान!

रेलवे में नौकरी पाने के लिए बिचौलियों, दलालों और जॉब रेकेटर्स के झांसे में न आयें और अपनी मेहनत की कमाई को न गवाएँ

याद रखें

केवल योग्यता ही आपको रेलवे में नौकरी दिला सकती है।

- रेल भर्ती बोर्ड परीक्षाओं में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत है और पूर्णतः उम्मीदवारों के योग्यता पर आधारित है।
- रेलवे भर्ती बोर्ड कभी भी एजेन्ट(ओं) अथवा कोचिंग सेंटर(ओं) को अपने लिए कार्य करने हेतु नामित नहीं करता। केवल रेल भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट और रेल भर्ती बोर्ड द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों/ रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन पर ही विश्वास करें।
- दलालों और जॉब रेकेटर्स से सावधान रहें जो आपसे रेलवे में किसी प्रभाव से या फिर दूसरे अनुचित माध्यम से नौकरी दिलाने का झूठा वादा करके आपको धोखा देने का प्रयास करते हैं।
- उम्मीदवार जो अनुचित कार्यों में संलिप्त पाये जायेंगे उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
- रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट - rrbald.gov.in/rrbald.nic.in
- रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट से मिलती-जुलती वेबसाइटों से सावाधान रहें।

ऐसे बिचौलिये/दलाल/जॉब रेकेटर्स जब आपसे सम्पर्क करें तो उन्हें पकड़वाने में रेलवे की निम्न प्रकार सहायता करें।

- नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराकर।
- शंकाओं के निवारण एंव दिशा निर्देश के लिए फोन नं. 0532-2224531 / 0532-2222545 पर कॉल करके।
- रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद के ई-मेलः asrrbaldcomp@gmail.com पर सूचित करें।
- उम्मीदवार(ओं)/ सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। रेलवे में चयन के लिए हमेशा सही मार्ग चुनें।

अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

नोट : 1 - प्रतिबंधित सामग्री/इलेक्ट्रानिक गैजेट जैसे कि मोबाइल फोन, पेजर, घड़ियाँ, ब्लूटूथ सक्षम डिवाइस, कैलकुलेटर, कैमरा, पेन ड्राइव, ए.टी.एम. कार्ड एवं पहनने योग्य धातु जैसे चूड़ियाँ, बेल्ट, कंगन इत्यादि- टेस्ट सेन्टर के अन्दर ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा कक्ष के बाहर उम्मीदवारों के निजी सामानों को सुरक्षित रखने के लिए कोई सुविधा नहीं है और आरआरबी/सेवा प्रदाता इसके नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है। परीक्षा कक्ष में केवल ई-कॉल लेटर और मूल फोटो आईडी कार्ड जो कि एक्सपायर्ड न हो (मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, ई-आधार की छायाप्रति, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र यदि उम्मीदवार सरकारी कर्मचारी है। स्कूल/कालेज/विश्वविद्यालय फोटो आईडी कार्ड, फोटो के साथ एसएसएलसी/एचएससी मार्कशीट) की अनुमति होगी। अभ्यर्थी को टेस्ट सेंटर के अन्दर कोई पेन-पेंसिल इत्यादि ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को पेन प्रदान किया जायेगा। 2 - मूल फोटो आईडी प्रूफ की फोटोकॉपी पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। 3 - महिला अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे हाथों के अंगूठों में मेंहदी न लगाये अन्यथा उन्हें बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन के समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। 4 - अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि पहनने योग्य धातु जैसे चूड़ियां, बेल्ट,शर्ट में मेटल के बने बटन, नाक की कील,कान की बालियां,हार, सोने के आभूषण इत्यादि पहनकर टेस्ट सेंटर पर न जायें अन्यथा उन्हें मेटल डिटेक्टर की स्कैनिंग के समय परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

नोटिस नं. 42/2018 दिनांक 28.11.2018

अध्यक्ष, रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाईट :rrbald.gov.in